


पादरी टोनी अलामो     दी अलामो क्रिश्चियन नेशन     वॉल्यूम 17400

# ईश्वर की थलसेना और वायुसेना

## (पहरेदार)

**टोनी अलामो**



*अपने अंतर्राष्ट्रीय टेलीविज़न कार्यक्रम में पास्टर टोनी अलामो और सुसान अलामो - वर्ष 1973 में लिया गया फोटो*

पैगम्बर एलिशा का सेवक सुबह जल्दी उठा और उसने देखा कि सीरिया की सेना ने वह स्थान घेर लिया था जहाँ एलिशा थे। हड़बड़ी में उसने एलिशा से कहा, “हे, स्वामी! हम क्या करें? [दूसरे शब्दों में, हम इस कठिन परिस्थिति से कैसे जिंदा बचकर निकलेंगे? तब एलिशा ने अपने सेवक से कहा,] डरो मत: क्योंकि जो हमारी ओर हैं उनकी संख्या उनसे अधिक है जो उनकी ओर हैं। और एलिशा ने [ईश्वर से] प्रार्थना की, प्रभु, इसकी आँखें खोल ताकि यह देख सके। तब प्रभु ने सेवक की आँखें खोल दी, और जब वह देख सका, तब देखा कि एलिशा के चारों ओर का पहाड़ अग्निमय घोड़ों और रथों से भरा हुआ है।” (2 राजा 6:15-17)।

एलिशा ने ईश्वर से अपने सेवक को जिस सेना अथवा ईश्वर का मेजबान दिखाने के लिए कहा था, उसने जेरिको की दीवार गिरा दी (यहोशू 6:20)। यहोशू जेरिको में प्रभु के प्रधान से इस प्रकार मिला: “जब यहोशू जेरिको के पास था तब उसने अपनी आँखें उठाई, और देखा कि हाथ में नंगी तलवार लिए एक पुरूष सामने खड़ा है: यहोशू ने उसके पास जाकर पूछा, तुम हमारी ओर हो अथवा हमारे दुश्मनों की ओर हो? उसने उत्तर दिया, नहीं; मैं प्रभु [यीशु का पूर्व अवतार] की सेना का प्रधान बनकर अभी आया हूँ।” तब यहोशू ने पृथ्वी पर मुँह के बल लेटकर श्रद्धा प्रकट की और उससे कहा, अपने दास के लिए मेरे प्रभु की क्या आज्ञा है? प्रभु की सेना के प्रधान ने यहोशू से कहा, अपने जूते पाँव से उतार दे, क्योंकि जिस स्थान पर तू खड़ा है वह पवित्र है। तब यहोशू ने वैसा ही किया।

“जेरिको के सभी फाटक इज़रायलियों के डर से बंद रहे, और कोई भी बाहर भीतर आ-जा नहीं पाता था। [ऐसा इसलिए था क्योंकि वे जानते थे कि ईश्वर इज़रायलियों के साथ है, और वे यह भी जानते थे कि ईश्वर उन्हें नष्ट करने वाला है] फिर प्रभु ने यहोशू से कहा, सुन, मैं जेरिको को उसके राजा और शूरवीरों के साथ तेरे वश में कर देता हूँ। इस प्रकार तुममें जितने योद्धा हैं वे नगर को घेर लें, और नगर के चारों ओर एक बार घूम आएँ। छह दिन तक ऐसा ही करना। [ऐसा विनाश से पहले जेरिको के पापी लोगों के मनोवैज्ञानिक एहसास के लिए था।] सात पुजारी नरसिंगे को देर तक बजाते रहें: सातवें दिन तुम नगर के सात चक्कर लगाओगे, पादरी नरसिंगे बजाते रहेंगे। तब वे नरसिंगे से जोरदार ध्वनि निकालेंगे, सब लोग नरसिंगे का शब्द सुनते ही बड़ी तेज ध्वनि से चिल्लाएँगे; तब नगर की दीवार ढह जाएगी [यह सब ईश्वर के मेजबान के अदृश्य हाथ से किया जाएगा], और सब लोग सामनेखड़े हर किसी का मुकाबला कर सकेंगे।

“और नून के पुत्र यहोशू ने पुजारियों को बुलाकर कहा, वाचा का संदूक उठा लो, और सात पुजारी प्रभु के संदूक के आगे-आगे जुबली के सात नरसिंगे लिए चलें। फिर उसने लोगों से कहा, आगे बढ़कर नगर के चारों ओर घूम आओ, और हथियारबंद पुरूष प्रभु के संदूक के आगे-आगे चलें। जब यहोशू ये बातें लोगों से कह चुके तो वे सात यहूदी पुजारी जो प्रभु के सामने सात नरसिंगे लिए हुए थे नरसिंगे बजाते हुए चले और यहोवा की वाचा का संदूक उनके पीछे-पीछे चला।

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

## ईश्वर की थलसेना और वायुसेना

**(पहरेदार)**

*(पृष्ठ 1 से जारी )*

हथियारबंद पुरूष नरसिंगे बजाने वाले पुजारियों के आगे-आगे और पीछे वाले संदूक के पीछे-पीछे चले, पुजारी नरसिंगे बजाते हुए चले। यहोशू ने लोगों को आज्ञा दी कि जिस दिन तक मैं चिल्लाने की आज्ञा न दूँ तब तक जयजयकार मत करो, और न तुम्हारा कोई शब्द सुनने में आए, न कोई बात तुम्हारे मुँह से निकले; आज्ञा पर ही तुरंत चिल्लाना।

"इस प्रकार प्रभु के संदूक को एक बार नगर के चारों ओर घुमाया गया: तब वे छावनी में आए और वहीं रुके। यहोशू सुबह जल्दी उठा और पुजारियों ने प्रभु का संदूक उठा लिया। उन सात पुजारियों ने मेढ़ा के सींगों के सात नरसिंगे लिए और उन्हें बजाते हुए प्रभु के संदूक के आगे-आगे चले, उनके आगे हथियारबंद पुरूष चले, पीछे वाले प्रभु के संदूक के पीछे-पीछे चले, पुजारी चलते रहे और नरसिंगे बजाते रहे। इस प्रकार वे दूसरे दिन भी, एक बार नगर के चारों ओर घूमकर छावनी में लौट आए: उन्होंने ऐसा छह दिनों तक किया।

"सातवें दिन वे सुबह-सवेरे उठकर उसी रीति से नगर के चारों ओर सात बार घूम आए: केवल उसी दिन वे सात बार घूमे। तब सातवीं बार जब पुजारियों ने नरसिंगे बजाए, तो यहोशु ने लोगों से कहा, चिल्लाओ; क्योंकि प्रभु ने यह नगर तुम्हें दे दिया है। नगर की सभी वस्तुएँ प्रभु के लिए अभिशप्त हो जाएँगी; केवल रहाब वेश्या और जितने लोग उसके घर में हों वे ही जीवित छोड़े जाएँगे, क्योंकि उसने हमारे भेजे हुए दूतों को छिपा रखा था। तुम अभिशप्त हुई वस्तुओं से सावधानी से स्वयं को अलग रखो, ऐसा न हो कि अभिशप्त वस्तु को रखकर बाद में तुम अर्पण की गई वस्तु में से कुछ ले लो, और इजरायल छावनी को भ्रष्ट करके उसे कष्ट में डाल दो। लेकिन सब चाँदी, सोना, और पीतल और लोहे के बर्तन प्रभु के लिए पवित्र हैं, ये उसी के भण्डार में रखे जाएँ।

"जब पुजारियों ने नरसिंगे बजाए, तब लोग चिल्लाए: जब लोगों ने नरसिंगे का शब्द सुना तो तेज ध्वनि से चिल्लाए, तब दीवार गिर पड़ी [यह कार्य ईश्वर की सेना और ईश्वर की सेना के प्रधान ने किया], और लोग सीधे अपने सामने नगर में घुस गए और नगर को हथिया लिया।" (यहोशू 5:13-6:20)।

एनोह पुस्तक में, महान पैगंबर एनोह प्रेक्षकों के बारे में पहले से ही बता देते हैं। ये प्रेक्षक ईश्वर के स्वर्गदूत हैं, प्रभु के स्वर्ग के मेजबान हैं। कभी-कभी इन्हें पृथ्वी पर भगवान के पवित्र लोगों के संरक्षक स्वर्गदूतों के रूप में जाना जाता है।

कुछ स्वर्गदूत बुरे हैं और कुछ स्वर्गदूत अच्छे हैं। प्रकाशितवाक्य 12:4 में कहा गया है कि इन स्वर्गदूतों में से एक-तिहाई बुरे हैं - उन्हें उनके नेता, स्वयं शैतान के साथ स्वर्ग से निकाल दिया गया था (लूका 10:18)। लेकिन याद रहे कि दो-तिहाई स्वर्गदूत - अच्छे हैं - ये ईश्वर की सेवा करते हैं। बुरे स्वर्गदूत, एक-तिहाई, न केवल बुरे हैं बल्कि बहुत दुष्ट भी हैं।

प्रकाशितवाक्य 12:3 में कहा गया है, "स्वर्ग में एक और चिह्न दिखाई दिया; और देखो एक बड़ा लाल अजगर था [शैतान] जिसके सात सिर थे...।" "वे सातों सिर (रोम, इटली के) सात पहाड़ हैं, जिन पर वह स्त्री बैठी है" (प्रकाशितवाक्य 17:9)। यह स्त्री एक नकली पैगम्बर है, नकली चर्च है, नकली संप्रदाय है, उस जंगली जानवर का सिर है जिसे वेटिकन कहते हैं, रोमन कैथोलिक, समलैंगिक, बच्चों का शोषण करने वाली चर्च है।

प्रकाशितवाक्य 12:3 में आगे कहा गया है कि इन सात सिरों पर दस सींग थे। ये दस सींग दस यूरोपीय राष्ट्रों के प्रतीक हैं जो थोड़े समय के लिए रोम के वेटिकन (संयुक्त राष्ट्र, नई विश्व व्यवस्था) को अपनी शक्ति प्रदान करते हैं (अंतिम राष्ट्र यूनान है) जो शैतान की नई विश्व व्यवस्था के साथ, अथवा एक-दुनिया सरकार के साथ संगठित है। "...और उसके सिर पर विराजमान सात मुकुट [ये सात मुकुट शैतान की नई विश्व व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अस्थाई तौर पर सात महाद्वीपों पर राज करते हैं अथवा दूसरे शब्दों में कहें तो पूरी दुनिया पर राज करते हैं]।"[1]

"और उसकी पूँछ ने आकाश के तारों की एक-तिहाई संख्या को खींचकर [ये तारे दुष्ट स्वर्गदूत हैं।[2] प्रकाशितवाक्य 1:20 में कहा कि तारे स्वर्गदूतों के प्रतीक हैं], और [शैतान अजगर ने] पृथ्वी पर डाल दिया [दुष्ट और शैतान स्वर्गदूतों के एक-तिहाई हिस्से ने]: वह अजगर [शैतान] उस स्त्री के सामने खड़ा हो गया [जिसके मुकुट में 12 तारे लगे हुए थे। यह (स्त्री) ईसा मसीह की दुल्हन है, नया यरूशलेम, जो पृथ्वी पर ईसा मसीह का शरीर है, असली इज़राइल, ईसाई हैं वे कभी कैथोलिक नहीं थे, जो ईश्वर के चुने हुए लोगों, यहूदियों से जन्मे थे। अब ईश्वर ने सभी राष्ट्रों के उन लोगों के लिए मोक्ष का रास्ता खोल दिया है जो अपने मोक्ष के रूप में ईसा मसीह को चुनेंगे]" (प्रकाशितवाक्य 12:4)।

प्रकाशितवाक्य 12:4 में कहा गया है कि यह स्त्री (ईसामसीह का शरीर) अपने बच्चे को जन्म देने के लिए तैयार थी, जो कि ईसा मसीह है। यह उस समय का स्मरण दिलाता है जब शैतान किंग हेरेड और उसकी सेना के माध्यम से ईसा मसीह को उसके जन्म के समय और/अथवा उसके दो वर्ष बाद नष्ट करने के लिए इज़राइल के सामने खड़ा था,[3] क्योंकि ईसा मसीह राजाओं का राजा, मालिकों का मालिक, विश्व का रक्षक था और अब भी है, वह उन सभी लोगों की आत्मा की रक्षा करके शैतान के कार्यों का विनाश कर देगा जो उसे अपना रक्षक और प्राधिकारी स्वीकार करते हैं।[4] कुलुस्सियों 2:15 में कहा गया है कि ईसा मसीह ने, "रियासतों और अधिकारों को नष्ट करके...उनके ऊपर विजयोल्लास का प्रदर्शन किया।"

ये अंतिम दिन हैं।[5] पृथ्वी ईश्वर की थल सेना से भरी है और आकाश ईश्वर की वायु सेना से भरा है। ये UFO हैं, जिन्हें दुनियाभर में लाखों लोगों ने देखा। चूँकि दुनिया के लोग ईश्वर के वचन से अनजान हैं, उन्हें लगता है कि ये अन्य ग्रहों से आने वाले जीव हैं। जब हम बाइबल पढ़ते हैं तो हमें पता चलता है कि दुनिया के लोग कितने धोखे में हैं, क्योंकि ये "उड़न तश्तरियाँ", जिन्हें आमतौर पर UFO कहा जाता है, किसी अन्य ग्रह से नहीं आती। ये "प्रेक्षक" हैं, ईश्वर के स्वर्गदूत हैं, जो ईसा मसीह के फिर से पृथ्वी पर लौटने से ठीक पहले पृथ्वी का सर्वेक्षण कर रहे हैं। प्रेक्षक निर्णय के लिए तैयार हो रहे हैं।

---

**1** दानिय्येल 2:40, 7:19-25, प्रकाशित वाक्य 13:2-8, 14:8, इतिहास 17, 18:2-24 **2** यशायाह 14:12-17, मत्ती 25:41, लूका 10:18, 2 पतरस 2:4, यहूदा 6, प्रकाशित वाक्य 12:3-4, 7-9 **3** मत्ती 2:1-18 **4** दानिय्येल 7:13-14, 1 तीमुथियुस 6:14-16, इब्रानियों 2:14-15, 1 यूहन्ना 3:8, 4:14-15, प्रकाशित वाक्य 17:14, 19:16 **5** मत्ती chap. 24

प्रकाशितवाक्य 16:1 में कहा गया है, "मैंने मंदिर में से किसी को ऊँचे शब्दों में उन सातों स्वर्गदूतों से यह कहते सुना कि जाओ, ईश्वर के प्रकोप के सातों कटोरों को पृथ्वी पर उडेल दो।" अभिमानी राजा नबूकदनेस्सर का निर्णय देने के लिए दानिय्येल 4:13 में कहा गया है "एक प्रेक्षक [एक स्वर्गदूत] और एक पवित्र आत्मा स्वर्ग से उतर आए है", जिसने दानिय्येल 4:30 में कहा है, "क्या यह बड़ा बाबिल नहीं, जिसे मैंने ही अपने बल [ईश्वर के बल की बजाए] और सामर्थ्य से राजनिवास बनाने और अपने प्रताप के सम्मान के लिए बसाया है [ईश्वर के प्रताप की बजाए]?"

ईश्वर द्वारा राजा नबूकदनेस्सर के विरुद्ध प्रेक्षक को दिया गया निर्णय इस प्रकार है: "यह वचन [अभी] [अहंकारी] राजा के मुँह से निकल भी नहीं पाया था कि, तभी आकाशवाणी हुई कि हे राजा नबूकदनेस्सर तेरे विषय में यह आज्ञा निकलती है कि राज्य तेरे हाथ से निकल गया है। ये [प्रेक्षक] तुझे मनुष्यों के बीच से निकाल देंगे, तू मैदान के पशुओं के संग रहेगा: वे तुझे बैलों की तरह घास खिलवाएँगे, सात मौसम तुझ पर गुजरेंगे, जब तक कि तू यह न जान लेगा कि सर्वोच्च नेता, मनुष्यों के राज्य में शासन करता है, वह जिसे चाहे इसे दे सकता है। उसी समय यह वचन नबूकदनेस्सर के विषय में पूरा हुआ। वह मनुष्यों में से निकाला गया, वह बैलों की तरह घास चरने लगा और उसका शरीर आकाश की ओस से भीगा हुआ था, यहाँ तक कि उसके बाल उकाब पक्षियों के परों के समान और उसके नाखून चिड़ियों के पंजों के समान उग आए" (दानिय्येल 4:31-33)।

यिर्मयाह 4:16 में ईश्वर यिर्मयाह से कहते हैं, "अन्य देशों को बता दो; यरूशलेम को भी यह समाचार दे दो कि दूर देश से आए प्रेक्षक यहूदा के नगरों के विरुद्ध ललकार रहे हैं।" यहूदा के नगरों के विरुद्ध काफी अधिक रोष है। क्योंकि वे अभी भी, आज तक यीशु को अपना मसीहा मानने से इनकार करते हैं।

मेरा मानना है कि दुनिया का लगभग प्रत्येक व्यक्ति लाखों बार देखी गई UFO (उड़ती हुई अज्ञात वस्तुएँ) के बारे में अवगत है, लेकिन ये वस्तुएँ UFO नहीं हैं। ये ईश्वर के प्रेक्षक अथवा स्वर्गदूत हैं जो ईश्वर के निर्णय से ठीक पहले, दुनिया और समय के समाप्त होने से पहले पृथ्वी का सर्वेक्षण कर रहे हैं। ईश्वर की दया में, वह हर किसी को अंत समय की सैकड़ों भविष्यवाणियों, संकेतों और चमत्कारों को देखने की अनुमति दे रहा है जैसे कि प्रेक्षक, ईश्वर के स्वर्गदूत इसके (पृथ्वी के) नष्ट होने के ठीक पहले अपनी तथाकथित "उड़न तस्तरियों" में पृथ्वी का स र्वेक्षण कर रहे हैं। जोएल की पुस्तक में इसकी भविष्यवाणी की गई है[6], जैसाकि प्रेरितों के काम में प्रेरित पतरस कहता है, "ईश्वर कहते हैं कि अंत के दिनों में ऐसा होगा कि मैं अपनी आत्मा सब पर उड़ेलूँगा, तुम्हारे बेटे और बेटियाँ भविष्यवाणी करेंगे, तुम्हारे जवान लोग दर्शन और बूढ़े लोग स्वप्न देखेंगे: मैं अपने दासों और अपनी दासियों पर भी उन दिनों में अपनी आत्मा उड़ेलूँगा; और वे भविष्यवाणी करेंगे: मैं ऊपर आकाश में अद्भुत काम और नीचे धरती पर चिह्न, अर्थात् रक्त और आग एवं धुएँ के बादल दिखाऊँगा: प्रभु के महान और प्रसिद्ध दिन के आने से पहले सूर्य काला और चाँद रक्तिम हो जाएगा: और जो कोई प्रभु का नाम पुकारेगा उसका ही उद्धार होगा" (प्रेरितों के काम 2:17-21)।

प्रेक्षक, अर्थात् आकाश के स्वर्गदूत और हम ईसाई (न कि कैथोलिक) उस ईश्वर से संबंधित हैं जिसने हमारी रचना की है। ईश्वर ने स्वर्गदूतों की रचना की और ईश्वर ने ही हमारी रचना की है। कुछ मनुष्य अच्छे और कुछ खराब होते हैं, क्योंकि हम में से केवल कुछ लोग ही ईश्वर के आदेशों का पालन करते हैं।[7] 1 यूहन्ना 2:3-4 में कहा गया है: "यदि हम उसकी आज्ञाएँ मानेंगे तो उससे हम जान लेंगे कि हम उसे जान गए हैं। जो कोई यह कहता है कि मैं उसे जान गया हूँ, और उसकी आज्ञाएँ नहीं मानता, वह झूठा है, और उसमें सत्य नहीं है।"

कुछ लोग डींग हाँकते हैं कि वे भगवान से प्यार करते हैं। हालाँकि, अपने दैनिक जीवन में, वे ईश्वर के आह्वान का जवाब नहीं देते, बल्कि उसकी आवाज अनसुनी करते रहते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि वे ईश्वर से केवल तभी प्यार करते हैं जब वे भावनात्मक रूप से उत्साहित होते हैं। उदाहरण के लिए, जब वे कोई मूवी, टेलीविज़न प्रोग्राम, खेल कार्यक्रम, अथवा संगीत कार्यक्रम देखना चाहते हैं तो उनके अंदर की चेतना उन्हें ऐसा करने से रोकती है लेकिन वे फिर भी ऐसा करते हैं। वे जानते हैं कि उन्हें बड़े पाप नहीं करने चाहिए लेकिन जिन्हें वे छोटी चीजें मानते हैं उसके बारे में वे चिंतित नहीं हैं। जब वे सेवाओं में प्रार्थना करते हैं तो वे अनुभव कर सकते हैं कि उन्हें प्रभु की आत्मा द्वारा स्पर्श किया गया है। इस तरह के स्वीकार करने वाले बहुत ईसाई हैं। दरअसल, इस तरह से प्रभु से प्यार करना बेकार है।[8]

कोई बहन प्रभु को लेकर उत्साहित हो सकती है कि उसके दस भाई एकसाथ मिलकर भी उसके बराबर नहीं हो सकते हैं। जब वह प्रभु को प्यार करने के बारे में बताती है तो उसकी बात सुनने वाले इतने प्रभावित हो सकते हैं कि उनके आँसू निकल आएँ। तथापि, अविश्वसनीय

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

6 योएल 2:28-32

7 मत्ती 7:13-14, 21-23, लूका 13:23-30

## 24-घंटे प्रार्थना और सूचना लाइन से

मिनिस्टर विलिमेना थॉमस (लॉडरडेल लेक, फ्लोरिडा में) ने अपना पैकेज प्राप्त किया। उसके बाइबल समूह की महिलाएँ बैठ गईं और उन्होंने "ईश्वर की थलसेना और वायुसेना" को पढ़ा। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं ने वर्षों से मिनिस्टरों को सुनने की अपेक्षा इस साहित्य से अधिक सीखा है (उन्होंने पिछले कुछ समय से उनमें से किसी को नहीं सुना है)। इन सभी महिलाओं ने इस साहित्य का आनंद उठाया और सीडी सुन रही हैं। उन्होंने बताया कि टोनी की तरह कोई अन्य व्यक्ति इस तरह नहीं समझा सकता। वे चाहती हैं कि हम यह जान जाएँ कि वे एक-साथ आ गई हैं और अपनी प्रार्थना बैठकें कर रही हैं, वे टोनी और चर्च के लिए प्रार्थना कर रही हैं। वह फिर से अपडेट साहित्य और सीडी पाना चाहती हैं। उसने चर्च से कहा है कि वह उनके तीन जिद्दी नाती-पोतों के लिए प्रार्थना करें जिसे उसने वर्षों से नहीं देखा।

# ईश्वर की थलसेना और वायुसेना

**(पहरेदार)**

*(पृष्ठ 3 से जारी )*

रूप से, जब ऐसी बहन गुस्सा होती है तो कोई भी उसे रोक नहीं पाता। प्राकृतिक जीवन अवास्तविक होता है (वह जीवन ईश्वर का जीवन नहीं होता)। एक दिन, जो कुछ भी प्राकृतिक जीवन का है वह टुकड़ों में अवश्य बिखरता है। स्पष्टत: यह देखने के लिए कि हमारा झूठा या नकली उत्साह, प्रभु के लिए हमारा नकली प्यार है और प्रभु के लिए हमारी नकली सेवा सभी प्राकृतिक हैं और उनमें ईश्वर के तत्व नहीं हैं और वे वास्तविक नहीं हैं, हमें सच में प्रभु द्वारा स्पर्श किए जाने की आवश्यकता है। इस बात की परवाह किए बिना कि हमारे चारों ओर इस्पात और पीतल की कितनी दीवारे हैं और यह परवाह किए बिना कि यह बाहरी दरवाजा है, बीच का दरवाजा है अथवा आंतरिक दरवाजा है, इन सभी को आत्मा के अनुसार एक-एक कर ईश्वर के सामने खोला जाना चाहिए। तब हमें मालूम होगा कि उत्साह और जोश के प्रदर्शन में हम स्वयं प्रभु को नहीं देख सकते हैं। हमें केवल तभी फल मिलेगा, जब प्रभु द्वारा हम अपनी उस हद तक छुए अथवा स्पर्श किए जाते हैं जहाँ तक कि वह ईमानदारी से हमारे भीतर से प्रकाशित किया जा सकता है, जैसा कि युहन्ना 15:2 में उल्लिखित है। वृक्षों पर लगने वाले फल अंदर के जीवन से लगते हैं।

अब, जो लोग दुष्ट स्वर्गदूतों से संबंधित हैं वे दुष्ट मनुष्य हैं। लेकिन याद रहे, दुष्ट स्वर्गदूतों की अपेक्षा ईश्वरीय दूतों की संख्या अधिक है। जब सीरियाई सेना ने उन्हें घेर लिया था तो एलिशा ने अपने सेवकों को यह दिखाया था। एलिशा ने अपने सेवकों की आँखें खोलने के लिए प्रभु से अनुरोध किया ताकि उसके सेवक देख सकें कि उन स्वर्गदूतों की संख्या अधिक है जो उनके साथ और एलिशा के साथ हैं न कि उनकी जो सीरियाई लोगों के साथ हैं। जब प्रभु ने ऐसा किया तो, "एलिशा [और उसके सेवकों] के चारों ओर का पहाड़ अग्निमय घोड़ों और रथों [प्रभु की सेना] से भरा हुआ था," इसी तरह आज भी ईश्वर के राज्य के मेजबान प्रेक्षकों के साथ हमें घेरे हुए हैं और हमारी रक्षा कर रहे हैं, पृथ्वी पर सभी लोगों द्वारा कही जा रही और की जा रही प्रत्येक चीज को देख रहे हैं (2 राजा 6:17)। ऐसा उड़न तश्तरियों के माध्यम से आकाश में हर कहीं हो रहा है और प्रेक्षकों - ईश्वर की थल सेना और वायुसेना के माध्यम से पृथ्वी पर हो रहा है।[9]

दुनिया में हर किसी के लिए यह अपने पापों के लिए प्रयाश्चित करने और अपने दिल, आत्मा, मस्तिष्क और ताकत के साथ ईश्वर पाने का प्रयास करने के लिए सबसे अच्छा समय है, जोकि पहली और सबसे महत्वपूर्ण आज्ञा है।[10] शीघ्र ही आकाश का पूर्वी छोर मनुष्य के पुत्र के लक्षणों से भर जाएगा। इस घटना को परिभाषित करने वाले बहुत से धर्मग्रंथ हैं। ऐसी एक परिभाषा मत्ती के अध्याय चौबीस में दी गई है। दूसरी परिभाषा यशायाह के अध्याय दो में दी गई है। एक और परिभाषा प्रकाशितवाक्य के अध्याय छह में दी गई है।

मत्ती 24:30-51 में कहा गया है, "और तब मनुष्य के पुत्र का चिन्ह स्वर्ग में दिखाई देगा; तब पृथ्वी के सब कुलों के लोग छाती पीटेंगे, वे मनुष्य के पुत्र को बड़ी सामर्थ और ऐश्वर्य के साथ स्वर्ग के बादलों पर आते देखेंगे। वह तुरही की तेज आवाज के साथ अपने दूतों [प्रभु के मेजबानों, प्रेक्षकों] को भेजेगा, वे स्वर्ग के एक छोर से दूसरे छोर तक, चारों दिशाओं से उसके चुने हुए लोगों को इकट्ठा करेंगे। अब अंजीर के पेड़ से यह दृष्टान्त सीखो; जब उसकी डाली कोमल हो जाती है और पत्ते आने लगते हैं, तो जान लें कि ग्रीष्म काल निकट है, बल्कि द्वार पर है। मैं आपसे जो कुछ कहता हूँ उसका सत्यापन करें, जब तक ये सब बातें पूरी नहीं होंगी तब तक यह पीढ़ी नहीं गुजरेगी। स्वर्ग और पृथ्वी गुजर जाएँगे लेकिन मेरी

**8** मत्ती 7:21-23, chap. 25 **9** 2 इतिहास 16:9, जकर्याह 1:7-11, 4:10, 6:1-7, प्रकाशित वाक्य 7:1-3 **10** व्यवस्था विवरण 4:29, 6:5, 10:12-13, 11:13-14, 13:3-4, 16, 20, 26:16, 30:6, Josh. 22:5, मत्ती 22:37-40, मरकुस 12:29-31, लूका 10:27

## कीनिया

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

उस शक्तिशाली नाम की ओर से शुभकामनाएँ जो सभी नामों से ऊपर है, वह नाम हमारे प्रभु और रक्षक यीशु मसीह का है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम आपका भेजा टोनी साहित्य अपने शहर तक पहुँचा रहे हैं। हम प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचा रहे हैं भले ही वह रक्षित हो अथवा न हो। पिछले एक महीने के दौरान हमने 15 लोगों की रक्षा होते हुए देखी और अब वे चर्च में हैं। इसके अलावा, हमें आपका 21 दिसम्बर का पैकेज मिल गया है। हम आपका धन्यवाद करना चाहते हैं और साहित्य और बाइबल की माँग काफी अधिक होने की वजह से हम इनकी और माँग करते हैं। ईश्वर आपका भला करे, हम ईश्वर से अपने पास्टर के मामले में हस्तक्षेप करने की प्रार्थना करते हैं क्योंकि मैं जानता हूँ कि प्रार्थना के माध्यम से सब कुछ संभव है।

ईश्वर की सेवा में, आपका

पास्टर डलमस मुनोको बुंगोमा, कीनिया

## पेरू

*(स्पेनिश से अनुवादित)*


ब्रदर, और टोनी अलामो मिनिस्ट्री

ईश्वर आपका भला करे,

मैं आपको सूचित करता हूँ कि ईश्वर की महिमा से, अब हम एक नई चर्च के साथ हैं। यह सुलाना से तीन घंटे की दूरी पर, पियुरा के निकट सेकुरा नामक स्थान में है, जहाँ 23 वयस्क बंधु और 33 बच्चे रहते हैं। हम निजी कार्य से गए थे, घर-घर में आपका साहित्य वितरित कर रहे थे और कई लोग निरंतर पढ़ना चाहते थे। कल हमने एक बार फिर से बैठक की और कई बंधु वहाँ आए। उन्होंने प्रभु को स्वीकार कर लिया है और हम एक सप्ताह में तीन बैठकें करने जा रहे हैं। ईश्वर की महिमा हो। यीशु शीघ्र ही आ रहे हैं।

एन्ड्रेस चिरोक सिल्वा

टोनी आलामो मिनिस्ट्रीज सुलाना, पेरू



*अलामो मिनिस्ट्रीज ऑनलाइन*

www.alamoministries.com

बातें कभी न टलेंगी.... लेकिन जिस प्रकार नूह के दिन थे, वैसे ही मनुष्य के पुत्र का आना भी होगा। क्योंकि जिस प्रकार जल-प्रलय से पहले के दिनों में, जिस दिन तक नूह जहाज पर नहीं चढ़ा था, उस दिन तक लोग खाते-पीते थे, और उन में शादी-ब्याह होती थी, और जब तक जल-प्रलय आकर उन सबको बहा न ले गई तब तक उनको कुछ भी मालूम न पड़ा; वैसे ही मनुष्य के पुत्र का आना भी होगा... इसलिए तुम जागते रहो: क्योंकि तुम नहीं जानते कि तुम्हारा प्रभु किस दिन आएगा। परन्तु यह जान लो कि यदि घर का स्वामी जानता हो कि चोर किस समय आएगा, तो वह जागता रहता, और उसे अपने घर में सेंध न लगाने देता। इसलिए तुम भी तैयार रहो, क्योंकि जिस घड़ी के विषय में तुम सोचते भी नहीं हो, उसी घड़ी मनुष्य का पुत्र आ जाएगा। तो वह वफ़ादार और बुद्धिमान सेवक कौन है, जिसे स्वामी ने अपने नौकर-चाकरों का प्रमुख बनाया है ताकि वह उन्हें समय पर भोजन दे? धन्य है वह सेवक जिसे उसका स्वामी जब आता है तो ऐसा करते हुए पाता है। मैं तुमसे सच कहता हूँ वह उसे अपनी सारी संपत्ति का प्रमुख बना देगा। परन्तु यदि वह दुष्ट सेवक सोचने लगे कि मेरे स्वामी के आने में देर है: अपने साथी सेवकों को पीटने लगे और पियक्कड़ों के साथ खाए पीए; तो उस सेवक का स्वामी ऐसे दिन आएगा जब वह उसकी राह नहीं देख रहा होगा, ऐसे समय आएगा जिसके बारे में वह नहीं जानता होगा, उसे भारी ताड़ना देकर, उसके हिस्से को कपटियों के साथ खड़ा करवाएगा: वहाँ रोना और दाँत पीसना होगा।"

प्रभु हमें बहुत संकेत देते हैं, इसलिए यदि आप ध्यान देंगे तो आप असावधानीपूर्वक नहीं पकड़े जाएँगे। यहाँ एक और झलक दी गई है जिसे आपको अपने मन में धारण कर लेना चाहिए, क्योंकि आप जितना सोच रहे हैं यह झलक उससे भी जल्दी वास्तविकता में बदलने जा रही है: "और फिर मैंने स्वर्ग को खुले हुए देखा [यह ईश्वर की ओर से एक और अंतिम समय की झलक थी], मैंने एक श्वेत घोड़ा देखा; उस पर एक प्रभु सवार थे जिसे विश्वास-योग्य और सत्य कहा जाता है, और वह धार्मिकता के साथ न्याय और लड़ाई करता है। उसकी आँखे आग की ज्वाला की भाँति थी, उसके सिर पर कई राजमुकुट थे; उसका एक नाम लिखा है, जिसे स्वयं उसे छोड़कर कोई और नहीं जानता। उसने लहू में भीगा वस्त्र पहना था: उसका नाम परमेश्वर का वचन है। स्वर्ग की सेना श्वेत घोड़ों पर सवार होकर [यह प्रभु और उसकी सेना और प्रेक्षक थे] श्वेत और शुद्ध मलमल पहने हुए उसका अनुसरण कर रही थी। राष्ट्रों को नष्ट करने के लिए उसके मुँह से एक तीखी तलवार निकली: वह लोहे का राजदण्ड लिए हुए उन पर राज करेगा [ईश्वर का वचन]: और वह सर्वशक्तिमान ईश्वर के भयानक प्रकोप की जलजलाहट की मदिरा के कुंड में चलेगा। उसके वस्त्र और जाँघ पर एक नाम लिखा है, राजाओं का राजा, और प्रभुओं का प्रभु [यह हमारे प्रभु यीशु हैं।]" (प्रकाशितवाक्य 19:11-16)।

इस समय हम समय का अंत आने से पहले के कुछ क्षणों में जी रहे हैं। यहाँ प्रलय के सभी संकेत देखे जा सकते हैं। इस समय ईसामसीह विरोधी एक-दुनिया सरकार का कानून चल रहा है। ईश्वर का वायु प्रभाग वर्षों से काम कर रहा है, सैकड़ों लाखों लोगों ने उन्हें देखा है (उड़न तश्तरियाँ, प्रेक्षक, स्वर्गदूत, ईश्वर की शाही वायु सेना)। रोम में पोप डींग मार रहा है कि नई विश्व व्यवस्था कितनी अधिक अच्छी है। यहाँ पर सुनामी है, ज्वारीय लहरें हैं, भूकंप है, सभी प्रकार के प्लेग हैं, बीमारियाँ हैं, राष्ट्रों की पेचीदगियाँ हैं, क्लेश हैं और

*(पृष्ठ 8 पर जारी)*

## स्टीवन वेडेल की गवाही (टेस्टमोनी)



*ब्रदर स्टीवन वेडेल*

मेरा नाम स्टीवन वेडेल है। अक्तूबर, 2012 के अंत में मैं 59 वर्ष का हो गया हूँ। मैंने 7 नवम्बर, 1971 को, अपने 18 वर्ष का होने से एक सप्ताह पहले, ईसा मसीह को अपना व्यक्तिगत रक्षक स्वीकार कर लिया था। यदि उस समय ईसा मसीह मेरे जीवन में प्रवेश न करते तो आप इस समय किसी व्यक्ति के जीवन में ईश्वर की शक्ति और क्षमता की जो टेस्टमोनी पढ़ रहे हैं उसकी बजाए वर्षों पहले ही मेरा मृत्युलेख पढ़ चुके होते।

जब वर्ष 1971 की वसंत में मैंने अपनी हाई स्कूल की शिक्षा पूरी की तो मैं कॉलेज में अपनी पढ़ाई जारी रखने का इच्छुक था। मैं एक सूडो-हिप्पी था। मैं पहली बार कुछ दोस्तों के साथ कार से सैन फ्रांसिस्को पहुँचा और उसके बाद बिना समय गँवाए लिफ्ट लेकर सैन फ्रांसिस्को से बोल्डर, कोलोराडो गया और फिर कैलिफोर्निया और फिर लॉस एँजिल्स गया।

मैं जिस दोस्त के साथ यात्रा कर रहा था उसकी माँ के पास बेवर्ली हिल्स में बहुत बड़ा और सुंदर घर था। उसने हमें नौकरी मिलने तक अपार्टमेंट में अपने पास रहने के लिए आमंत्रित किया। उनके घर में खुले में एक सुंदर स्विमिंग पूल था और एक नौकरानी थी जो हमारे लिए सभी शॉपिंग करती थी और खाना बनाती थी। छुट्टियाँ बिताने की यह आदर्श जगह थी, लेकिन यह मेरी जिंदगी का सबसे कष्टमय समय था।

मैं अंदर से बिल्कुल खोया हुआ और जिंदगी से निराश महसूस करता था। ऐसा कुछ नहीं था जो जीवन के अर्थ और उद्देश्य के बारे में मेरे मन और आत्मा से भ्रम को दूर कर सके। मैं अंदर से उलझा हुआ महसूस करता था। मैं एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीना चाहता था जिसके द्वारा दूसरों की मदद की जा सके। मैं अपने आसपास की दुनिया की स्थिति से निराश था, चारों ओर भ्रष्टाचार, उदासीनता, अपराध हो रहा था और लोगों का खून बहाया जा रहा था। मैं शांतिपूर्ण दुनिया में जीना चाहता था। मैंने सोचा कि कैलिफोर्निया के हिप्पी आँदोलन से मुझे चारों ओर की चूहा दौड़ व्यवस्था का एक विकल्प मिल जाएगा। मैंने सोचा कि धूम्रपान और गांजा (हशीश) से, एलएसडी

*(पृष्ठ 6 पर जारी)*

# स्टीवन वेडेल की गवाही (टेस्टमोनी)

*(पृष्ठ 5 से जारी)*

और अन्य मतिभ्रम करने वाली दवाएँ मुझे मेरे द्वारा जीए जा रहे जीवन का उद्देश्य पाने में वह अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती हैं जिसकी मुझे लालसा है। मैं नौ बजे से पाँच बजे तक की नौकरी नहीं चाहता था, चारदीवारी वाला घर नहीं चाहता था और अनिश्चित भविष्य भी नहीं चाहता था। मैं जानना चाहता था कि असल में मेरा जीवन किसलिए है। सभी नशीली दवाओं ने मेरा बचा-खुचा विवेक छीन लिया था और मेरे पास काम करने की बहुत कम तर्कशक्ति बची थी। लगता था कि मैं पागल हो जाऊँगा और नि:संदेह शायद मैं पागल हो भी गया था।

मैंने अपने जीवन के शुरुआती साल विदेशों में बिताए थे। मेरे पिता टोक्यो, जापान में इंटरनेशनल वायएमसीए के साथ काम करते थे, हम प्रत्येक रविवार एक गैर-सांप्रदायिक चर्च में निष्ठा से जाते थे। मुझे हमेशा बताया गया कि हम ईसाई हैं, और हमेशा दूसरों की मदद करना, लोगों के साथ मानवीय व्यवहार करना सिखाया गया था। मैं जानता था कि क्रिसमस और ईस्टर विशेष अवसर होते थे और असल में उनका सांता क्लॉज या ईस्टर बनी से कोई लेना-देना नहीं था। अधिकांश बच्चों की तरह मैं भी अपने मन में सोचता कि सृजनकर्ता एक है, ईश्वर एक है जिसने मेरे सहित प्रत्येक चीज का सृजन किया है। मुझे उद्धारकर्ता के रूप में यीशु मसीह में विश्वास करना सिखाया गया था और मैं वास्तव में यह नहीं जानता था कि यीशु कौन है। मेरे जीवन में कोई शक्ति नहीं थी, पाप नहीं करने के लिए कोई ताकत नहीं थी, और जब कभी भी मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ तो मैं पाता हूँ कि मैं जिस किसी भी चर्च में गया उसने कभी भी मुझे यह नहीं बताया कि पाप असल में क्या है। मैंने “आत्मा का पुन:-जन्म लेना” शब्द कभी नहीं सुना था और कभी भी ऑल्टर कॉल के बारे में नहीं सुना था जहाँ इनमें से किसी भी चर्च द्वारा आत्माओं को बचाया जा रहा हो। वे मेरी तरह आध्यात्मिक रूप से मर चुकी थीं।

जब हमारा परिवार युनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका लौटा तब मैं स्कूल में दसवीं में पढ़ रहा था। मैं अब आध्यात्मिक रूप से मृत नहीं रहना चाहता था। मेरे चारों ओर लोग “स्मरण कर रहे थे,” “बदल रहे थे,” और “गिर रहे थे।” मैंने जीवन, मृत्यु, अमरत्व, उद्देश्य के बारे में स्वयं के भीतर प्रश्नों के उत्तर खोजना शुरू कर दिया। मैंने सुदूर पूर्वी धर्मों, रहस्यमय धर्मों, मूल निवासी अमेरिकी भारतीय धर्म, दर्शन, लोगों के विचारों और आदर्शों, साम्यवाद, समाजवाद - मैं जिसके बारे में भी सोच सकता था - उन सबकी किताबें पढ़ी। मैंने बाइबल पढ़ी, लेकिन उस समय मेरे अंदर ईश्वर के भाव के बिना मैं उस समय इसे समझ नहीं पाया। मैंने मंत्रोच्चारण किया, योग का अभ्यास किया, ईश्वर के करीब जाने के लिए फूलों पर पैर न रखना सुनिश्चित करते हुए जंगलों में गया। लेकिन इनमें से कुछ भी मेरे अंदर का खालीपन नहीं भर पा रहा था। कुछ भी काम नहीं कर रहा था।

उस समय मैं नहीं जानता था, लेकिन अब मैं जानता हूँ कि प्रभु मेरे साथ यह सब कर रहे थे ताकि मेरा जिद्दी घंमड तोड़ा जा सके, और मैं उसे अपना प्रभु और रक्षक स्वीकार कर सकूँ। उसने अन्य सभी विकल्पों को बंद कर दिया था। हो सकता है कि उन्होंने आपके साथ ऐसा न किया हो, लेकिन वे जानते थे कि मुझे होश में लाने का यही एक तरीका था। उन्होंने मुझे इस कार्य हेतु कैलिफोर्निया बुलाया। वह मेरे साथ यह सब कर रहे थे लेकिन मुझे पता नहीं चल रहा था।

हॉलिवुड, कैलिफोर्निया में आप टोनी और सुसान अलामो क्रिस्चन फाउंडेशन के गवाहों (विटनेसर्स) के बीच से गुजरे बिना हॉलिवुड बुलवर्ड में 200 फुट अंदर भी नहीं जा सकते। आप जहाँ कहीं जाएँ आप उन्हें देखेंगे। जब भी मैं हॉलिवुड जाता, चाहे काम की तलाश में अथवा समय गुजारने के लिए, वे हर जगह गॉस्पल ट्रैक्स्ट देते और लोगों को अपनी चर्च की सेवा में आमंत्रित करते रहते हैं। वे ईश्वर के उत्साह से भरे थे। मुझे प्रभु के बारे में कई बार साक्ष्य दिए गए और बहुत से अन्य लोगों की भाँति मुझे भी चर्च में आने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन मैं बार-बार उनके आमंत्रण को अस्वीकार करता रहा। मैं स्वयं में ही इतना उलझा हुआ था कि मेरे पास अन्य लोगों से यीशु के बारे में सुनने को कुछ









*नर्सिंग होम में बुजुर्ग निवासियों की सेवा करते हुए अलामो मिनिस्ट्री के ब्रदर और सिस्टर।*

नहीं था। हालाँकि रात के शांत अंधेरे में, जब दिन की हलचल शांत हो चुकी और मैं अकेला होता, तो प्रभु उन बातों को मुझे याद दिलाने लगते जो बातें ये ईसाई लोग मुझे बताते थे, अंत समय के बारे में उन लोगों द्वारा बाइबल में मुझे जो धर्मग्रंथ दिखाए गए थे, ऐसी चीजें जो आसानी से चारों ओर दिखाई देती थीं, शास्वत जीवन से जुड़े धर्मग्रंथ और नरक जो मुझे चीजों के बारे में अचम्भित करता था, दिखाई देते थे। बाहर से, शैतान मुझे अभी भी इधर-उधर दौड़ा रहा था, लेकिन अंदर से ईश्वर मुझे तोड़ रहा था।

एक दिन दोपहर बाद, ईश्वर ने घटनाओं की इस कड़ी को पूरा कर दिया। मुझे लगा मानो कि मेरे जीवन में कुछ घटित हो रहा है, लेकिन यह नहीं जान पाया कि क्या घटित हो रहा है। उस दिन मैं एक बार फिर से हॉलिवुड बुलवर्ड पहुँचा, चर्च के भाइयों और बहनों से मिलने के लिए नहीं बल्कि उनसे बचने के लिए। मैं सड़क के किनारे एक गवाह (विटनेसिंग) सिस्टर के पास पहुँचा और उसने मुझे एक गॉस्पल ट्रैक्स्ट थमा दी और उस शाम चर्च में आने के लिए आमंत्रित किया। मैंने उन्हें एक असंतोषजनक बहाना बताया, "मैं इसके बारे में सोचूँगा।" उसने तत्काल जवाब दिया, "मैं सच में इसके बारे में सोचूँगी, क्योंकि यह अंतिम बार हो सकता है कि ईश्वर आपके लिए कुछ करना चाहते हों!" यदि वह इसके अलावा कुछ और कहती तो वह मुझे इतना प्रभावित नहीं करता। केवल इस विचार मात्र से कि स्वयं ईश्वर के पास मेरे लिए करने को बहुत कुछ नहीं है, मुझे ऐसा लगा कि मेरे चेहरे पर एक टन से भी अधिक ईंटों से चोट मारी गई है। मैं अपने रास्ते में सन्न होकर रुक गया। मैं दीवाना हो गया था, लेकिन इतना भी दीवाना नहीं कि यदि ईश्वर ने मुझे अकेला छोड़ दिया तो यह वह अंतिम चीज होगी जो मैं हमेशा चाहता था। इसके बारे में सोचकर मैं डर गया था। मैं पहले ही बेहद दुःखी था।

मैं हॉलिवुड बुलवर्ड गया और उस गली में चलता गया जिसमें कई बड़े-बड़े मकान और यार्ड थे। मैं एक यार्ड में बैठ गया और तब तक इंतजार करता रहा जब तक कि लोगों को चर्च ले जाने वाली बस के चलने का समय नहीं हो गया, उसके बाद जहाँ बस में सवारियाँ बैठ रही थी मैं वहाँ गया और बस में एक सीट पर बैठ गया।

सोगस की चर्च तक की यात्रा काफी लंबी थी, लेकिन मैं काफी सहज महसूस कर रहा था। एक ईसाई बंधु ने अपना गिटार लिया और बस के सभी यात्री उसके साथ गॉस्पल गीत गाने लगे। यद्यपि उस समय यह सब कुछ मेरे लिए काफी विचित्र था फिर भी मुझे बहुत अधिक शांति का अनुभव हो रहा था।

जब हम चर्च में पहुँचे तो बस से आने वाले सभी मेहमानों को अंदर आने और सेवा में बैठने के लिए आमंत्रित किया गया। मैं इससे पहले ऐसी किसी चर्च में नहीं गया था जो इस प्रकार जीवंत लगती हो। इस चर्च में उस प्रकार की मृत अनुभूति नहीं थी जैसी मैंने अन्य चर्चों में जाने पर महसूस की थी। ये बंधु और बहनें चर्च में अपनी सेवा के दौरान पूरा जोर लगाकर गॉस्पल गीत गा रहे थे। वे अपने हाथ उठाकर प्रभु की प्रसंशा कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि उस रात चर्च में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति एक प्रकार का साक्ष्य दे रहा था कि ईश्वर ने उनके जीवन में क्या योगदान दिया है। उनमें से कुछ लोग मेरी तरह ड्रग लेते थे और कुछ नहीं लेते थे। उनमें से कुछ पहले ठग थे; कुछ समाज के निचले तबके से थे, कुछ संभ्रात परिवारों से थे। कुछ लोग मेरे जैसे भी थे जो दुःखी और खोए हुए थे। अब उन सभी ने ईसा मसीह को अपना संरक्षक घोषित कर दिया था। अब वे खोए हुए नहीं बल्कि अब पाए हुए थे। मैं अपनी आत्मा को वह बताना चाहता था जो उन्होंने उस रात सेवा में मुझे बताया था। मैं उस जीवन को जीना चाहता था, लेकिन अभी भी कई बातों को लेकर आश्वस्त नहीं था। शैतान मुझे रक्षित किए जाने में अक्षम बनाने के लिए मेरे मन में लाखों शंकाए उत्पन्न कर रहा था। बाइबल में कहा गया है, "प्रभु यीशु मसीह में विश्वास करो, आप बचा लिए जाओगे।" उस रात ऑल्टर कॉल के समय शैतान की मुझ पर से पकड़ छूट गई थी। उस रात उस समूह के सामने मैंने अपने घुटनों पर झुककर प्रभु यीशु मसीह में विश्वास किया और मेरी रक्षा हो गई! ईश्वर की प्रशंसा करें! ईश्वर के धैर्य के लिए और उनके द्वारा मुझ पर दिखाई गई दया के लिए हमेशा उसकी प्रशंसा करता हूँ! मेरा पुनर्जन्म हो गया था!

मुझे उस रात महसूस हुआ कि प्रभु मेरे दिल में प्रवेश कर गए हैं और अब मैं उन्हें कभी अपने दिल से बाहर नहीं जाने दूँगा। सेवा के बाद प्रार्थना कक्ष में जाना और निश्चित रूप से यह जानना कि ईश्वर जिसने मेरा ध्यान रखा और मेरी प्रार्थनाओं का जवाब दिया है स्वर्ग में है, मेरे लिए सबसे अधिक सुकून पहुँचाने वाली अनुभूति थी जो मुझे आज तक कभी पता लगी थी। इसके लिए ईसा मसीह ने अपना स्वयं का रक्त बहाकर कीमत चुकाई थी। वह इसलिए मरे ताकि हम जीवित रह सकें। उस रात वे मुझे ऐसी जगह लेकर आए जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने इसके लगभग दो सप्ताह बाद मुझे पवित्र आत्मा का बप्तिस्मा दिया मिला। इन अनुभवों के बाद कोई भी चीज मुझे यह विश्वास नहीं दिला सकती कि ईश्वर वास्तविक नहीं है। वह जीवित हैं और हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने मुझे बचाया है और वे आपको भी बचा सकते हैं। तब से लेकर अब तक मैंने इस मिनिस्ट्री के माध्यम से हजारों लोगों को ईसा मसीह के पास लाए जाते देखा है। मैंने बहुत लोगों को देखा है, बहुत लोगों को ईश्वर की शक्ति से बीमारियों से छुटकारा मिला है। मैंने ऐसे बहुत से टूट चुके (मेरी तरह) लोगों को देखा है जो अब उत्पादक कार्यों में लगे हैं। मैं इस ईसाई जीवन को दुनिया में दी जाने वाली किसी भी चीज के लिए बेच नहीं सकता हूँ।

टोनी और सुसान अलामों वे लोग हैं जिन्हें ईश्वर ने जीवन के हर क्षेत्र से हजारों लोगों को ईसा मसीह के पास लाने के लिए चुना है। दोनों ही इस कार्य को बहुत ही निःस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। उन्होंने कभी भी किसी से प्रभु की सेवा करने के सिवाय कुछ नहीं माँगा, सिवाय इसके कि हम प्रभु की सेवा करें। सुसान 1982 में ईश्वर के पास चली गई और तब से टोनी निरंतर प्रतिदिन गॉस्पल में रह रहे हैं। वह अभी भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। मैं और मुझ जैसे अनेक लोग उन दोनों के बहुत आभारी हैं, न केवल इसलिए कि वे अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए विटनेसर्स को सड़कों पर भेजने के लिए उनमें उत्साह भरते हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे मुझ जैसे लोगों को ऐसा स्थान मुहैया कराते हैं जहाँ हम प्रतिष्ठित और ईश्वरीय जीवन जी सकें और शैतानी दुनिया के बुरे कार्यों में फँसने से बचे रहें। प्रभु की प्रशंसा करें!

यदि आप यह टेस्टमोनी पढ़ रहे हैं और आप अभी तक रक्षित नहीं हुए हैं तो इंतजार न करें। यीशु मसीह सचमुच इस दुनिया के रक्षक हैं और वह आपको प्रत्येक चीज प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने मुझे बचाया है, खुशी से चिल्लाने के लिए मुझे कुछ प्रदान किया है, जीने और मरने की वजह प्रदान की है। वह आपके लिए भी ऐसा कर सकते हैं। इंतजार न करें। आज ही अपने दिल में उनसे पूछें!

प्रभु की प्रशंसा करें,
स्टीवन वेडेल

# ईश्वर की थलसेना और वायुसेना

### (पहरेदार)

*(पृष्ठ 5 से जारी )*

अनेक प्रकार के सैकड़ों अभिशाप हैं।

आप या तो अच्छे हैं या बुरे।[11] आप या तो यीशु को अपने रक्षक के रूप में प्राप्त करेंगे या उसे अस्वीकार कर देंगे। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए उसे अभी चुनें। आप शाँश्वततत्व से मात्र एक साँस, एक धड़कन दूर हैं।[12] इस प्रार्थना का उच्चारण करना आपकी आत्मा के हित में है। उसके बाद बपतिस्मा करें, पिता और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम पर पानी में पूरी तरह से डुबकि लगाएँ।[13] यत्नपूर्वक बाइबिल सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा प्रकाशित पवित्र बाइबल (10W 0055/2004/17M PL) (अंग्रेजी किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करें, और आज्ञाओं का पालन करें।[14] ईश्वर की आत्मा में चलें।[15]

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[16] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[17] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मुझे मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[18] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को प्रवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है[19] वे मेरे पापों की स्वीकारोक्ति सुनने और इस प्रार्थना को सुनने के लिए ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[20] हे प्रभु यीशु मैं अपने दिल के दरवाजे खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[21] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[22] प्रभु यीशु आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[23] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे और उनमें मैं भी शामिल हूँ।[24] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, मैं यह भी जानता हूं कि आपने मुझे जवाब भी दिया है और मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[25] मेरी आत्मा की रक्षा करने के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूँगा।[26]**

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पादरी टोनी अलामो गोस्पल साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम यह साहित्य आपके पास नि:शुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें कॉल करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को किसी और के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो अपनी कमाई का दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा है, “क्या कोई आदमी ईश्वर को लूट सकता है? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? यह दशमांश और प्रसाद में है। तुम एक शाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक ‘दशमांश’ का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोर हाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है बचाई हुई आत्माएँ], और मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। और मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि मैं आपकी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह तुम्हारी जमीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; और न ही तुम्हारी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य समझेंगे: क्योंकि तुम्हारी जमीन खुशहाल होगी (मलाकी 3: 8-12)।

---

**11** मत्ती 7:15-20, याकूब 3:11-12, प्रकाशित वाक्य 20:11-15, 21:7-8, 24-27, 22:11-12, 14-15 **12** सभोपदेशक 3:19, यशायाह 2:22 **13** मत्ती 28:19-20 **14** 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17 **15** यहेजकेल 36:27, रोमियो 8:1-14, गलातियों 5:16-25 **16** भजन संहिता 51:5, रोमियो 3:10-12, 23 **17** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, यूहन्ना 9:35-37, रोमियो 1:3-4 **18** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियो 3:25, 1 यूहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 5:9 **19** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस 16:9, 12, 14, यूहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियो 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **20** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **21** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशित वाक्य 3:20 **22** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 यूहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 1:5, 7:14 **23** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **24** मत्ती 21:22, यूहन्ना 6:35, 37-40, रोमियो 10:13 **25** इब्रानियों 11:6 **26** यूहन्ना 5:14, 8:11, रोमियो 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशित वाक्य 7:14, 22:14

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

**Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078**

**चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना लाइन: (661) 252-5686 • Fax (661) 252-4362**

**www.alamoministries.com • info@alamoministries.com**

*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।*

**सेवाएँ प्रत्येक मंगलवार न्यू यॉर्क सिटी में सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर रात में आयोजित होती हैं।**

**जानकारी के लिए कृपया (908) 937-5723 पर फोन करें। प्रत्येक सेवा के पश्चात् भोजन परोसा जाता है।**

*पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टा मेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।*

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

*इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलेक्ट) पर फोन करें।*

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© February 2013, 2015 सभी अधिकार पास्टर टोनी अलामो के पास सुरक्षित हैं ® February 2013, 2015

HINDI—*Volume 17400—The Army and Air Force of God*